तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

12 राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवाओं को मिला...



13 आईटीबीपी कैम्प का शैक्षणिक भ्रमण कर ...



घटना : ट्रक में फंसा युवक आधे किमी तक घिसटता रहा

## ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

**कुम्हारी में हुआ दर्दनाक हादसा, ट्रक चालक गिरफ्तार, पुलिस जांच में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

कुम्हारी स्थित लक्ष्मी राइस मिल के पास शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाईक सवार युवक ट्रक के बीच फंस गया और चालक ने उसे आधे किलोमीटर तक घसीटते हुए ट्रक चलाया। घायल युवक को गंभीर हालत में कसडोल अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में कटगी के पास ग्राम कलमीडीह में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश कुमार साहू (पिता दिनेश कुमार साहू) निवासी ग्राम कैथा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के रूप में हुई है।

वर्तमान में वह रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र में निवास कर रहा था और अपने गांव लौट रहा था। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस से घायल युवक को अस्पताल भेजा गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मृतक की बाईक सीजी 04 एनजे 6796 और ट्रक सीजी 04 एचजेड 6128 क्रमांक की थी। बाईक दुर्घटना में पूरी तरह चकनाचूर हो गई है।

**ट्रक चालक गिरफ्तार**

घटना के बाद ट्रक चालक धनंजय वर्मा (निवासी टुंडरी, थाना बिलाईगढ़) मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर गिधौरी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।





**घटनास्थल पर मची अफरा-तफरी**

हादसे के बाद कुम्हारी बस स्टैंड से लेकर राइस मिल तक चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए ट्रक को रुकवाया और युवक को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। हादसे की भयावहता देख लोग सन्न रह गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## नए बस स्टैंड के पास तीन आरोपी चाकू सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में चाकूबाजों में अंकुश लगाने आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया है ।

दरअसल सरप्राईज चे किं ग दौरान जरिये मुखबीर द्वारा मोबाईल से सूचना मिला कि 2 व्यक्ति नया बस स्टैण्ड खरोरा के सामने बाजार तरफ चाकू लेकर घुम रहा है कि सूचना तस्दीक हेतु थाना खरोरा पुलिस पार्टी मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी किशन सांवरा एवं गोलू सांवरा को अवैध रूप से लोहे के पट्टी से बनी हुई चाकू रखे हुए रंगे हाथ पकड़े गये।



आरोपी महेश गोड़को ग्राम बेलटुकरी में आम जगह पर चाकू रखकर आने जाने लोगों को डराते धमकाते पाये जाने पर आरोपियों को चाकू रखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नहीं करने पर आरोपियों के कब्जे से लोहे के चाकू पृथक पृथक गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों के विरूध्द अपराध घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर पृथक-पृथक न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई

ITI ▶ BHATAPARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा

89595-93918 • 98261-76302

### बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** इलाज कराकर घर वापस जा रहे दंपत्ति दुर्घटना में घायल हो गए। खल्लारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कोल्दा के गणराज साहू एवं उनकी राधा बाई साहू अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवी 0763 में सवार होकर महासमुंद डाक्टर के पास ईलाज कराने गए थे, वे इलाज के बाद अपनी मोटर सायकल से वापस आ रहे थे। अग्रवाल धर्मकांटा एनएच 353 खल्लारी के पास शाम 4 बजे खल्लारी की ओर से पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीआर 2766 के चालक अपनी मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गणराज साहू के कंधे एवं पसली की हड्डी को डॉक्टर द्वारा फ्रैक्चर होना बताया है।

## बगार बांध जर्जर, सिंचाई की भारी समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कसडोल विकासखंड के ग्राम पंचायत बगार में स्थित दशकों पुराना बगार बांध पिछले बीस वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़ा है। वर्षा जल का संचयन नहीं हो पाने से गांव के किसान सिंचाई संकट से जूझ रहे हैं।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय विधायक और जल संसाधन विभाग से जल्द बांध की मरम्मत कराने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन काल में बनाए गए इस बांध के टूट जाने से हर साल बारिश का पानी बहकर निकल जाता है, जिससे ▶▶ शेष पेज 13 पर



**नहर नहीं, सिंचाई ठप**

गांव में नहर की कोई व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र का एकमात्र बलार जलाशय बहुत दूर है, जिससे पानी लाना संभव नहीं। किसानों ने चेताया कि अगर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो पूरा क्षेत्र अकाल जैसी स्थिति में पहुंच सकता है।



**पंचायत के अधीन है बांध**

बांध ग्राम पंचायत के अधीन है। पूर्व में स्टीमेट बनाकर भेजा गया था, लेकिन स्वीकृति नहीं मिल सकी। जिसके चलते सुधार और मरम्मत नहीं पाई है, अब पुनः स्टीमेट तैयार कर प्रस्ताव भेजा जाएगा।

-**सुरेश पैकरा**, एसडीओ जल संसाधन विभाग, कसडोल

**मुझे नहीं है जानकारी:** मुझे इसकी जानकारी नहीं है। आप इस मामले में एसडीओ पैकरा से बात करें।

- **संतोष कुमार भदौरिया**, कार्यपालन अभियंता, कसडोल



## खबर संक्षेप

### देवदास बंजारे का स्मृति दिवस, मंत्री गुरु खुशवंत ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अंतर्गत बाराडेरा में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय पंथी कलाकार देवदास बंजारे का स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कलाकार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हृदय प्रकाश अनंत के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय सुरता व कलाकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मेला कमेटी के अध्यक्ष नारायण कुर्रे सहित प्रदेशभर के समस्त कलाकारों ने सतनाम संस्कृति एवं संगीत अकादमी संगठन के साथ एकत्रित होकर देवदास बंजारे को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में छग के लोक संगीत में विशिष्ट योगदान के लिए गोरेलाल बर्मन को संगीत शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा छग केश शिल्प कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन, संतोष कुर्रे, हेमलाल चतुर्वेदी, डॉ. जेआर सोनी, किशन सेन, महेंद्र महेश्वर, अरविंद कुर्रे, डॉ. देवेश डहरिया, डॉ. रोहित डहरिया, जगत खंडेलवाल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एलएल कोशले, पूर्व राज्यसभा सांसद भूषण लाल जांगड़े, सरला कोसरिया, मोहन बंजारे, चेतन चंदेल, रघुनाथ भारद्वाज, पप्पू बंजारे, नरेंद्र कुर्रे, पप्पू चेलक समेत अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### लूट, डकैती के लंबे अरसे से फरार बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** महासमुंद जिला जेल से चार वर्ष पूर्व लूट, डकैती के फरार बदमाश को रायपुर क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ रायपुर, महासमुंद में लूट तथा डकैती के पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरफ्त में आया बदमाश डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उपचार कराने के दौरान पुलिस को चकमा देकर 19 मई 2021 को फरार हो गया था। पुलिस ने मोवा, दलदलसिवनी निवासी धनीराम धृतलहरे को गिरफ्तार किया है। धनीराम को गोलबाजार पुलिस 11 नवंबर 2021 को तिल्दा से गिरफ्तार कर रायपुर ला रही थी, इस दौरान उसने पुलिस गाड़ी का शीशा तोड़ कर पुलिसकर्मियों पर हमला कर हथकड़ी सहित फरार हो गया था। धनीराम के रायपुर में होने की सूचना मिलने पर पतासाजी कर पुलिस उसे पकड़ने घेराबंदी कर पकड़ने जा रही थी। इस दौरान धनीराम पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। भागने के दौरान धनीराम दोनों पैरों में चोटिल हो गया और वह भागने में असफल रहा।

### छग ऑफिसर्स वेलफेयर ने मनतृप्त को किया सम्मानित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक होटल में बुधवार को रोवर रेंजर अवार्डी मनतृप्त कौर संधू को मोमेंटो ऑफ आर्नर से सम्मानित किया गया। गत दिनों भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की मनतृप्त कौर संधू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रोवर रेंजर पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति ने यह सम्मान उसे राष्ट्रपति रेंजर प्रमाणपत्र परीक्षा में विशेष स्थान प्राप्त करने पर दिया है। बीकाम, एमए, पीजीडीसीए के साथ ही मनतृप्त कौर ने सिखों की युद्ध शैली "गतका" में भी महारत हासिल की है, वे इसकी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी भी हैं।

---

**आयोजन : सांसद खेल महोत्सव 2025 का हुआ भव्य शुभारंभ**

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवाओं को मिला नया जोश और मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार









राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, राज्य स्काउट गाइड उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित जनप्रतिनिधियों और खेलप्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कलेक्टर दीपक सोनी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन को संतुलित, अनुशासित और स्वस्थ बनाते हैं। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में मल्टीपरपस इंडोर हॉल, ग्राम सुहेला और सिमगा में बैडमिंटन हॉल, तथा खेलो इंडिया योजना के तहत 8 लेन 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे भविष्य में खेल प्रतिभाओं को और अधिक अवसर मिलेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल महोत्सव की शुरुआत ने जिले में खेलों के प्रति उत्साह और ऊर्जा का नया संचार किया है। प्रशासन की पहल से ग्रामीण प्रतिभाओं को अब पहचान का मंच मिलेगा।

**खेलों से व्यक्तित्व का विकासः** एसपी भावना गुप्ता ने कहा कि खेल सिर्फ शारीरिक बल का नहीं, मानसिक मजबूती का भी प्रतीक है। इससे अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उतनी ही रुचि दिखाएं।

**प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाया दमः** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में गिरीराज साहू ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि दीलहरन पटेल ने दूसरा और हिमांशु निषाद ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में तरूणा ने प्रथम, त्रिवेणी ने द्वितीय तथा सानिया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बैडमिंटन की अंडर-19 बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में अपराजिता भट्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रजिती को द्वितीय स्थान से संतोष करना पड़ा। फुटबॉल स्पर्धा में सम्राट फुटबॉल क्लब, भाटापारा की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता, जबकि नवापारा फुटबॉल क्लब उपविजेता रही। खिलाड़ियों के जोश और प्रदर्शन ने खेल महोत्सव को यादगार बना दिया।

**प्रतिभाओं को किया गया सम्मानितः** राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले के वरिष्ठ कबड्डी खिलाड़ी राजकमल मिश्रा एवं वॉलीबॉल खिलाड़ी बी.पी. बघमार को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विगत वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिला प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 50 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

**खेल अधोसंरचना को मिलेगा बूस्ट :** जिले में खेल अधोसंरचना को और सशक्त बनाने के लिए शासन द्वारा मल्टीपरपस इंडोर हॉल, बैडमिंटन हॉल और सिंथेटिक ट्रैक जैसी सुविधाओं को स्वीकृति दी गई है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी कर सकेंगे।

सांसद खेल महोत्सव जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं को प्रतिस्पर्धा का मंच देती हैं। इससे न केवल उनकी छिपी प्रतिभा सामने आती है, बल्कि उनका आत्मबल और सामाजिक सहभागिता भी मजबूत होती है।

---

## खाद्य विभाग की गैस एजेंसी पर छापेमारी, अनियमितता पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिले में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर का भण्डारण कर अधिक दाम में विक्रय करने के तथा विभिन्न गैस एंजेसी के विरूद्ध सिलेण्डर वितरण एवं प्रदाय में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हो रही थी। इसी तारतम्य में शिकायत के संबंध में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं ज़िला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी विजय कुमार किरण, लक्ष्मण कश्यप, खाद्य निरीक्षक कमलनारायण साहू एवं खाद्य निरीक्षक शीतलेश यादव द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर संग्रहण कर अवैध रूप से विक्रय करने वाले एलपीजी वितरकों पर कार्यवाही किया गया।

मेसर्स माँ महामाया एचपी गैस एजेंसी करमदा में 6,33,536 रुपए मूल्य के विभिन्न प्रकार के 233 नग सिलेंडरों की अनियमितता पाई गई। अनियमितता पाये जाने पर मेसर्स माँ महामाया एचपी गैस एजेंसी करमदा के संचालक सुनीता अग्रवाल एवं प्रबंधक तामेश वर्मा के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गई। संबंधित को नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण कर विक्रय करने वाले के विरूद्ध तथा गैस एजेंसियों के द्वारा अनियमितता की शिकायत पर विभाग द्वारा आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

## उर्वरक भंडारण की मजबूत व्यवस्था से किसानों को मिली राहत



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के सख्त निर्देशों के बाद जिले की समस्त सहकारी समितियों में खरीफ 2025 के लिए उर्वरक का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया गया है। इससे किसानों को अपनी फसलों की देखभाल के लिए आवश्यकतानुसार उर्वरक प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि कुल मांग 58,136 मी.टन के मुकाबले अब तक 55,215 मी.टन उर्वरक भंडारित किया जा चुका है। यूरिया, डीएपी, एमओपी, एसएसपी और एनपीके सभी उर्वरकों का उचित भंडारण जारी है। कृषि विभाग, सहकारिता विभाग और जिला विपणन अधिकारी नियमित रूप से मांग का आकलन कर आवश्यकतानुसार उर्वरक समितियों तक पहुंचा रहे हैं। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी किसानों के लिए उपलब्ध हैं, जो खेती की उत्पादकता बढ़ाने में मददगार साबित हो रहे हैं।

जिले के डबल लाक केंद्रों में कुल 1,790 मी.टन उर्वरक उपलब्ध है। भाटापारा रेक पॉइंट से हाल ही में 400 मी.टन यूरिया प्राप्त हुआ, जिसे विकासखंडों में मांग के अनुसार वितरित किया जा रहा है। अगले सप्ताह फिर से भाटापारा में रेक लगने की संभावना है, जिससे उर्वरक आपूर्ति में और तेजी आएगी।

किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। इस व्यवस्था के तहत खरीफ की फसल को नुकसान से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए किसान अपनी नजदीकी सहकारी समिति से आसानी से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। जिले में यूरिया का कुल भंडारण 27,680 मी.टन है, डीएपी 9,777 मी.टन, एमओपी 2,689 मी.टन, एसएसपी 7,408 मी.टन और एनपीके 7,662 मी.टन। वर्तमान में समितियों में 4,765 मी.टन उर्वरक शेष है जो तत्काल किसानों की मांग पूरी कर सकता है।

## सोनाडीह सीमेंट प्लांट के खिलाफ किसान करेंगे उग्र आंदोलनः इन्द्र साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सोनाडीह सीमेंट प्लांट द्वारा 2015 में बनाई गई रेलवे लाइन में पुलिया निर्माण नहीं होने से 11 गांवों के किसान भाटापारा शाखा नहर से सिंचाई के लाभ से वंचित हो रहे हैं। विधायक इन्द्र साव ने नहर विभाग के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर सीमेंट प्लांट की लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि आरडी 1980 मी., 2540 मी., 3930 मी. एवं खपरी माइनर के मध्य पुलिया निर्माण नहीं होने से नहर का पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच रहा। प्लांट प्रबंधन से बात करने पर भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि प्रभावित गांवों के किसानों से बैठक कर जल्द ही उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। साल 2015 से लगातार नहर क्रॉसिंग पर पुलिया निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक सीमेंट प्लांट प्रबंधन ने कोई पहल नहीं की है। नहर विभाग ने कई बार पत्राचार किया, फिर भी समस्या जस की तस है।किसान इस लापरवाही से प्रभावित हैं और उनकी कृषि गतिविधियां गंभीर रूप से बाधित हो रही हैं।

---

## छत्तीसगढ़ राज्य अटल बिहारी वाजपेयी की देन





**पलारी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत गिर्रा में रंगोली प्रतियोगिता, आंगनबाड़ी केन्द्र द्वारा छत्तीसगढ़ी कलेवा का प्रदर्शनी, बच्चों का सुवा नृत्य जैसे विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है।

यह राज्य अभी 25 वर्ष का युवा है। अलग राज्य बनने के बाद जिस प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हुआ वह अकल्पनीय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी महिला, युवा, किसान, गरीब के लिए जनकल्याणकारी योजना का संचालन कर रही है। आभार प्रदर्शन सचिव मुकेश चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर सरपंच मुटाना बाई ध्रुव, उपसरपंच ललित यादव, प्रेमलाल फेकर, फेरहा राम साहू, बृजलाल यादव, ओमप्रकाश चंद्राकर, योगेश्वर साहू, गिरवेन्द्र वर्मा, संतराम साहू, लाला वर्मा, पंकज साहू, विजय दास, रामनारायण वर्मा, लता वर्मा, माधुरी वर्मा, रूखमणी साहू, शिवकुमारी चंद्राकर, पूर्णिमा मिर्झा, मांडवी साहू, भुनेश्वरी फेकर, लीला फेकर, कुमारी कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष व सीएमओ ने लिया ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



**सूरत की श्रेष्ठ प्रथाएं होंगी लागू**

तीन दिवसीय इस प्रवास के दौरान प्रतिभागियों ने प्लास्टिक वेस्ट रीसायकल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के एकीकृत मॉडल, स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन, वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीएस युक्त अपशिष्ट वाहन प्रणाली, सर्कुलर इकोनॉमी, वेस्ट टू वेल्थ, लैंडफिल मैनेजमेंट जैसी प्रणालियों का अवलोकन किया। इन मॉडल्स को बलौदाबाजार में लागू कर नगर को और अधिक स्वच्छ और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाएगा।

स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूती देने तथा नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने सूरत (गुजरात) में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन 28 से 30 अगस्त तक किया गया, जिसमें देशभर के नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

देश के सबसे स्वच्छ शहरों में से एक सूरत की वेस्ट मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी और स्मार्ट सफाई मॉडल को देखने, समझने और उसे अपने नगर में लागू करने की दिशा में यह कार्यशाला बेहद अहम मानी जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कार्यशाला के दौरान बलौदाबाजार नगर में बीते वर्षों में किए गए सफाई प्रयासों की जानकारी साझा की और बताया कि अब जरूरत है जन-जागरूकता, तकनीकी नवाचार और सहभागिता आधारित प्रणाली अपनाने की। वहीं, सीएमओ आशीष तिवारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ रखने के लिए अब पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर स्मार्ट तकनीक की जरूरत है।

क्या-क्या सीखा गया सूरत से सूरत कार्यशाला के दौरान बलौदाबाजार के प्रतिनिधियों ने ठोस कचरा प्रबंधन से जुड़ी कई आधुनिक और प्रभावशाली तकनीकों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इनमें शत-प्रतिशत घरों से अपशिष्ट संग्रहण की सुव्यवस्थित प्रणाली, जीपीएस तकनीक से युक्त अपशिष्ट ट्रैकिंग वाहनों की निगरानी व्यवस्था, सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल के तहत कचरे को संसाधनों में बदलने की विधि शामिल थी। इसके अलावा लैंडफिल साइट के स्मार्ट प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता आधारित कचरा निपटान प्रणाली को भी देखा गया, जिससे न केवल सफाई व्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित होती है।

---

**नपाध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदों ने किया भूमि पूजन**

# 6.85 लाख की लागत से होगा क्रांकीट नाली का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में मुस्लिम कब्रिस्तान के पास से वृद्धाश्रम तक कांक्रीट नाली निर्माण किये जाने भूमि पूजन किया गया, उक्त नाली निर्माण का कार्य पार्षद निधि से किये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित कार्य योजना के अनुरूप पार्षद निधि से 6.85 लाख से कार्य पूर्ण कराए जाने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा भूमि पूजन किया गया व विधिवत पूजा अर्चना कर श्री फल तोड़कर कर कुदाल चलाकर कार्य आरंभ कराया गया।

साथ में वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद गौतम चौहान उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले सहित सभापति जितेंद्र डड़सेना, पार्षद सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, रविन्द्र नामदेव भी भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए व पूजा अर्चना की गई। न.पा.अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा नाली निर्माण के लिए तैयार कार्य योजना के अनुरूप अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ कराए जाने निर्देशित किया गया एवं शासन के द्वारा नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव सहयोग किये जाने की बात कही गई,तथा वार्ड का भ्रमण कर वार्ड वासियों से चर्चा की गई व निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य किये जाने की बात कही।

**ये रहे उपस्थितः** भूमिपूजन के इस अवसर पर नगरपालिका के उप अभियन्ता मुगल किशोर साहू, वार्ड क्रमांक 12 के भाजपा नेता पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, गुरुदत्त तिवारी, मितेन्द्र जैन, सहित वार्ड क्रमांक 12 के कुसुम बेगम, मधु फेकर, मनबाई टण्डन, गौरी, संतोषी कसेर, बुधयारीन फेकर, रजनी बंजारे सहित अन्य वार्ड के नागरीकरण व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

## एनएसएस की जिला स्तरीय हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शास दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों का जिला स्तरीय बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ए आर सी जेम्स द्वारा किया गया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता और ग्राम विकास में एन.एस.एस. की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला रासेयो संगठक नरेंद्र देव मिर्झा ने बैठक के एजेंडा को चर्चा किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारीयो ने बैठक के एजेंडा सत्र 2025-26 में रासेयो में पंजीयन, नियमित गतिविधि, सप्त दिवसीय शिविर, रासेयो स्थापना दिवस मनाने आदि विभिन्न विषयों पर विचार रखा गया और आगामी योजनाओं पर चर्चा की।

बैठक के दौरान स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा रक्तदान शिविर, साक्षरता अभियान और वृक्षारोपण जैसे कार्यों के महत्व को रेखांकित किया। भविष्य में स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का भी संकल्प लिया गया। बैठक में कल्पना भगत, रमेश नेगी, सुषमा दिवान, भावना हेनवार, प्रियंका पाटले, नंदलाल वर्मा, चंद्रा बंछोर, डॉ राजन तिवारी, इंद्राणी मरकाम आदि कार्यकम अधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय वार्षिक कार्य योजना बैठक आज से

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि भलेसर मार्ग में बालिका शिक्षा एवं शिशु वाटिका का दो दिवसीय वार्षिक कार्ययोजना बैठक आयोजन किया गया है। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत की योजनानुसार रायपुर एवं राजिम विभाग की बालिका शिक्षा प्रमुख दीदीयों की वार्षिक कार्ययोजना बैठक का आयोजन 30 अगस्त शनिवार 11 बजे से 31 अगस्त 2025 रविवार दोपहर तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में आयोजित है। जिसमें विभाग, जिला एवं समस्त विद्यालयों के बालिका शिक्षा प्रमुख सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार राजिम विभाग की शिशु वाटिका में अध्यापन कराने वाले आचार्यों एवं दीदियों की वार्षिक कार्ययोजना बैठक का आयोजन 30 अगस्त शनिवार 11 बजे से 31 अगस्त 2025 रविवार दोपहर तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में आयोजित है। जिसमें प्रत्येक नगरीय एवं ग्रामीण विद्यालयों में शिशु वाटिका में पढ़ाने वाले समस्त आचार्य अपेक्षित है। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर ने दी है।

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा



**रायपुर।** भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर आवश्यक बैठक हुई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर कार्यशाला को संबोधित किया। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की टोली के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान की रूपरेखा और विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, प्रदेश मंत्री जंयती पटेल, हर्षिता पांडेय, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश चंदेश शामिल हुए।

### विदेश दौरे से कल लौटेंगे सीएम साय, होगा भव्य स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 30 अगस्त को विदेश दौरे से रायपुर लौटेंगे। इसे लेकर रायपुर शहर जिला भाजपा ने तैयारी बैठक का आयोजन किया। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा, हम सबके लिए गौरव की बात है कि हमारे मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के विकास के संभावनाओं को तलाशने के लिए जापान गए थे। वहां से वे 30 अगस्त को रायपुर लौट रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, विदेश दौरे के बाद राजधानी रायपुर आगमन पर मुख्यमंत्री के स्वागत हेतु पार्टी के हर मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व विधायक श्रीमती रजनी ताई उपासने के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से पवित्र आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# संडी-जारा मुख्य मार्ग बदहाली के बोझ तले, पेंच रिपेयर बना भ्रष्टाचार की बानगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

संडी से जारा को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग बीते कई वर्षों से जर्जर हालत में है। यह सड़क जहां एक ओर ग्रामीणों की जीवनरेखा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय व्यापार, परिवहन और आपात सेवाओं के लिए भी अहम मानी जाती है। बावजूद इसके, जिम्मेदार विभागों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के चलते यह मार्ग दलदल में तब्दील हो चुका है।

सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, जिनमें आए दिन वाहन फंसते हैं या पलटते हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। गड्ढे पानी में छिप जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, कई लोग पहले ही हादसों में घायल हो चुके हैं।

भारी वाहनों ने बिगाड़ी सूरत

इस मार्ग पर रेत से भरे भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़क की स्थिति और खराब होती चली गई। बार-बार उखड़ती परतें यह सवाल उठाती हैं कि सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता से समझौता हुआ था। अब आलम यह है कि सड़क कम और गड्ढों की श्रृंखला ज्यादा नजर आती है।

**राजनीतिक वादे, हकीकत में सन्नाटा:** स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने कई बार सड़क मरम्मत के आश्वासन दिए, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। चुनाव के समय किए गए वादे आज भी अधूरे हैं, जिससे ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है।

**संडी-जारा मुख्य मार्ग बदहाली के बोझ तले, पेंच रिपेयर बना भ्रष्टाचार की बानगी**



#### रिपेयर के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि द्वारा बार-बार इस समस्या को उठाए जाने के बाद प्रशासन ने पेंच रिपेयर का काम शुरू कराया। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि यह कार्य भी केवल दिखावा था। घटिया सामग्री के इस्तेमाल और भ्रष्टाचार के चलते कुछ ही समय में रिपेयर की गई सड़क दोबारा टूट गई।

#### ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय जनता अब आंदोलन के मूड में है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शीघ्र ही स्थायी मरम्मत या नई सड़क निर्माण की पहल नहीं की गई, तो वे सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध करेंगे।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# संवेदनशीलता के साथ करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोने ने शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग को प्रशासन की रीढ़ बताते हुए अधिकारियों को मजबूती से और संवेदनशीलता के साथ कार्य निष्पादित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरण अत्यंत संवेदनशील होते हैं, जिनका समाधान भी उसी सावधानी से होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अब जनता में प्रशासन के प्रति जागरूकता बढ़ी है, इसलिए अधिकारियों को कार्यालय और क्षेत्र दोनों जगह पूरी मुस्तैदी से काम करना होगा। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी राजस्व अधिकारियों को सतर्क रहना होगा। उन्होंने राजस्व न्यायालय में एक वर्ष से कम समय से लंबित मामलों को 31 अक्टूबर तक निपटाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर कलेक्टर अवध राम टंडन, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं रीडर उपस्थित थे। बैठक में भू-अर्जन, राजस्व वसूली, त्रुटि सुधार, अभिलेख शुद्धता, आरबीसी 6-4 आदि से संबंधित लंबित आवेदनों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

**एग्रीस्टेक पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश:** कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पंजीयन की समीक्षा करते हुए कहा कि लगभग 19 हजार किसानों का पंजीयन अभी बाकी है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने पटवारियों को समितिवार पंजीकृत किसानों की सूची उपलब्ध कराकर शेष किसानों को चिन्हित कर तहसीलदार के साथ आवश्यक दस्तावेज़ों में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 के बाद नामांतरण और एक से अधिक स्थान पर जमीन रखने वाले किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक में नहीं हो पा रहा है, जिस पर राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार आगे कार्रवाई की जाएगी। पंजीयन पूर्णता के लिए समिति प्रबंधक, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र लेने का भी निर्देश दिया गया है।




#### डिजिटल क्रॉप सर्वे और स्वामित्व योजना की समीक्षा

डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सर्वे कार्य को पूरी शुद्धता के साथ पूरा किया जाए। अब तक 283931 खसरा सर्वे पूरे हो चुके हैं, जिसमें कुल 1669 सर्वेयर लगे हुए हैं। उन्होंने सर्वे कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वेयरों को पुरस्कृत करने के निर्देश भी दिए। स्वामित्व योजना के तहत अब तक 7000 भू स्वामियों के स्वामित्व कार्ड बनाए गए हैं, जबकि लगभग 160 गांवों का अंतिम प्रकशन भी हो चुका है। 31 अक्टूबर तक कुल 7000 और स्वामित्व कार्ड तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# पदभार ग्रहण कर कटगी पहुंचे डॉ. सनम का हुआ भव्य स्वागत



**कटगी।** भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय नेता एवं बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. सनम जागड़े को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के पश्चात शुक्रवार को उनके प्रथम ग्राम कटगी आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कटगी बस स्टैंड में आयोजित इस समारोह का नेतृत्व भाजपा नेत्री एवं छाया जिला पंचायत सदस्य खिलेश्वरी थवाईत ने किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने डॉ. जागड़े का फूल-मालाओं, गुलदस्तों, पटाखों और आतिशबाज़ियों से ऐतिहासिक अभिनंदन किया। खिलेश्वरी थवाईत ने आरती-तिलक कर एवं गुलदस्ता भेंट कर डॉ. जागड़े का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि "डॉ. सनम जागड़े जैसे अनुभवी और जमीनी नेता का प्रदेशाध्यक्ष बनना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनके नेतृत्व में भाजपा और भी सशक्त होगी।" स्थानीय जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस स्वागत समारोह को कटगी की गौरवशाली घड़ी बताया।

#### डॉ. सनम जांगड़े का गिधौरी में हुआ स्वागत

**गिधौरी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद डॉ. सनम जांगड़े पूर्व विधायक बिलाईगढ़ का प्रथम बार गिधौरी आगमन हुआ जिस पर भाजपा मंडल टुण्डरा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में गिधौरी बस स्टैंड में बैंडबाजा के एवं भारी आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला इस स्वागत कार्यक्रम को गिधौरी के सरपंच एवं समस्त पंचायत प्रतिनिधि और समस्त ग्रामीणों का सहयोग मिला इस स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्र के छाया विधायक डॉ. दिनेश जांगड़े सहित भाजपा मंडल टुण्डरा के समस्त पदाधिकारियों सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गणेशोत्सव की धूम ...



भरूवाडीह/सैहा/गुमा। श्री गणेशोत्सव मॉतृशक्ति गणेशोत्सव समिति, गौरा-चौक, रावन



भाटापारा। ग्राम गुड़ेलिया के वार्ड 1 में गणेश मूर्ति स्थापित जिसमें सरपंच संकेत अग्रवाल पंच शिवकुमारी व के सहयोग से प्रति वर्ष कि तरह इस वर्ष भी गणेश जी की मूर्ति स्थापित किया गया है। जिसमें दौलत सेन मोहन ध्रुव प्रति दिन पूजा अर्चना कर रहे हैं।

# प्राचार्य ने नव निर्वाचित छात्रों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी में सत्र 2025-26 के लिए छात्र संघ का गठन किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य एन.एल.दिव्य के द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का बैच लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिला कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

- गिरौदपुरी विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए छात्र संघ का गठन

छात्र संघ के शाला नायक देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा 12 वीं विज्ञान, एवं उप शाला नायक नंदनी पटेल 12 वीं कला, सचिव नारायण 12 वीं विज्ञान, सह सचिव हुलेस कुमार 11 वीं कला, क्रीड़ा सचिव भोलेश कुमार 12 वीं विज्ञान, सह क्रीड़ा सचिव नागेश्वर पटेल 10 वीं, सांस्कृतिक सचिव आस्था सतपथी 9 वीं, सांस्कृतिक सह सचिव देव कुमार पटेल 10 वीं, छात्र प्रतिनिधि बलराम 12 वीं कला, छात्र उप प्रतिनिधि सिद्धांत 11 वीं, वाणिज्य छात्रा प्रतिनिधि कांति कुमारी 12 वीं, विज्ञान छात्रा उप प्रतिनिधि हिमांशी 10 वीं, 8 वी कक्षा नायक गीतांजली पटेल, उप कक्षा नायक रेशमी सोनी,7 वी कक्षा नायक लीलिमा पटेल, उप कक्षा नायक सहदेव पटेल, 6 वी कक्षा नायक रेमन पटेल, उप कक्षा नायक पुष्पा सोनी बनाये गये है।

# आईटीबीपी कैम्प का शैक्षणिक भ्रमण कर भावविभोर हुए एमिटी के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के बलौदाबाजार स्थित कैम्प परिसर में एमिटी यूनिवर्सिटी के दो प्रोफेसरों एवं 65 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा बलों की कार्यप्रणाली, अनुशासन और प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराना था। आईटीबीपी के कमांडेंट रोशन सिंह असवाल के निर्देशन में उप सेनानी अजय शर्मा, सहायक सेनानी बिजेन्द्र सिंह एवं ईएससी ममता शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों को बीपीईटी, पीपीईटी जैसी प्रशिक्षण प्रक्रियाओं के साथ-साथ अत्याधुनिक हथियारों की जानकारी दी गई। जवानों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उन्हें विषयों को गहराई से समझाने का प्रयास किया। मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर आईटीबीपी जवानों और विद्यार्थियों के बीच मैत्रीपूर्ण कबड्डी मुकाबला भी हुआ, जिसने आयोजन को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। इसके बाद विद्यार्थियों को वाहिनी चिकित्सालय का भ्रमण कराया गया, जहां चिकित्सा सेवाओं और जवानों की सेहत की निगरानी के तौर-तरीकों की जानकारी दी गई। आईटीबीपी जवानों और विद्यार्थियों के बीच कबड्डी मैच ने आपसी सौहार्द को नई ऊंचाई दी। खेल के माध्यम से विद्यार्थियों को बलों के भीतर की टीम भावना, अनुशासन और सहयोग की वास्तविक झलक मिली। खेल के पश्चात सभी प्रतिभागियों ने एक-दूसरे के साथ अनुभव साझा किए, जिससे संबंध और गहरे हुए।

- विद्यार्थियों को सुरक्षा बलों की कार्यप्रणाली और अनुशासन की दी गई गहन जानकारी



#### प्रशिक्षण से मिली नई दृष्टि

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईटीबीपी की कठोर ट्रेनिंग प्रक्रिया और सैनिक अनुशासन को नजदीक से देखा। प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लेते हुए छात्रों ने जाना कि किस प्रकार शारीरिक दक्षता और मानसिक मजबूती बलों की रीढ़ होती है। यह अनुभव विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में प्रेरणा स्वरूप साबित होगा।

## पेज 11 का शेष

### बगार बांध जर्जर...

खेतों में दरारें पड़ चुकी हैं और फसल की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। कुछ वर्षों पूर्व ग्रामीणों ने श्रमदान और निजी खर्च से अस्थायी रूप से बांध की मरम्मत कराई थी, लेकिन भारी बारिश में वह भी ध्वस्त हो गया। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि जल्द स्थायी मरम्मत नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। बगार बांध की स्थिति पूरे क्षेत्र के किसानों की आजीविका से जुड़ी हुई है और अब निर्णय सरकार को लेना है।

**20 साल से टूटा है बगार बांध:** बांध के टूटने के बाद अब तक किसी भी सरकारी स्तर पर स्थायी मरम्मत नहीं की गई है। ग्राम पंचायत बगार, मोपकी, धनेली, चंदेली समेत आसपास के गांवों के किसान हर साल पानी के लिए तरसते हैं। इस वर्ष कम वर्षा होने के कारण हालात और भी गंभीर हो गए हैं।

### प्राकृतिक खेती, गौ आधारित कृषि और तिलहन उत्पादन पर विशेषज्ञों ने साझा किया ज्ञान

# बलराम जयंती-किसान दिवस पर हुई कृषि संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कृषि विज्ञान केंद्र में भगवान श्री बलराम जयंती एवं किसान दिवस के अवसर पर "प्राकृतिक खेती, गौ कृषि वाणिज्यम एवं तिलहन उत्पादन" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न ग्रामों से आए किसानों, कृषक महिलाओं, कृषि विभाग के अधिकारियों और संगठनों ने इस आयोजन में सौ से अधिक संख्या में भागीदारी की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रितेश साहू ने कहा कि भगवान बलराम कृषि और शक्ति के प्रतीक हैं और किसान उनकी प्रेरणा से निरंतर उन्नति कर सकते हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती और गौ आधारित कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन लागत घटाने और आय बढ़ाने की सलाह दी।



तकनीकी व्याख्यान में डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक लाभ बताए, जबकि आभा पाठक ने उद्यानिकी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। दीपक नायक ने तिलहन प्रोत्साहन योजनाओं और जैविक कृषि कार्यक्रमों की जानकारी दी। किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यदि उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण और बाज़ार सुविधा मिले, तो वे रसायन आधारित खेती से हटकर प्राकृतिक कृषि अपनाने को तैयार हैं। संगोष्ठी का संचालन डॉ. प्रदीप कश्यप ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पी.डी. वर्मा ने प्रस्तुत किया। यह आयोजन किसानों के बीच टिकाऊ, आत्मनिर्भर और लागत-कटौती वाली कृषि पद्धतियों के प्रसार में मील का पत्थर साबित हुआ।

#### तिलहन उत्पादन में प्रदेश को बनाना है अग्रणी

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एच.एल. सोनबोईर ने की। उन्होंने तिलहन फसलों की महत्वता पर जोर देते हुए कहा कि संतुलित उर्वरक उपयोग, उन्नत बीज और कीट-रोग प्रबंधन के माध्यम से प्रदेश में तिलहन उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है, जिससे देश की खाद्य तेल आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

#### गौ आधारित कृषि से बनी रहेगी मिट्टी की उर्वरता

विशिष्ट अतिथि हेमसिंह चौहान ने बताया कि गोबर, गोमूत्र और जीवामृत जैसे गौ उत्पादों का उपयोग मृदा स्वास्थ्य सुधार और फसल उत्पादन स्थिरता में मदद करता है। किसानों को संगठित होकर इस पद्धति को अपनाने की सलाह दी गई।

# नहरों से छेड़छाड़ पर प्रशासन सख्त 15 पंचायतों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ सीजन में सिंचाई व्यवस्था बाधित होने के मामलों को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। बलौदाबाजार एवं पलारी जनपद की कुल 15 ग्राम पंचायतों को नहरों से छेड़छाड़ करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम कार्यालय से जारी आदेश में संबंधित सरपंचों को तीन दिवस की मोहलत दी गई है, जिसके भीतर नहरों की मरम्मत व्यक्तिगत खर्च पर कराना अनिवार्य है। प्रशासन का कहना है कि नहरों में जानबूझकर किए गए गेट में बदलाव या छेड़छाड़ से जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है, जिससे अंतिम छोर के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस वजह से किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। यदि निर्देश का पालन नहीं होता है, तो संबंधित पंचायतों के विरुद्ध पंचायत राज अधिनियम 1993 एवं सिंचाई अधिनियम 1931 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

#### प्रशासन ने दी चेतावनी

जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि तीन दिवस के भीतर मरम्मत कार्य नहीं कराया गया और जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो संबंधित पंचायतों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही तय है। सिंचाई व्यवस्था में छेड़छाड़ को गंभीर अपराध मानते हुए अधिकारियों ने दोषियों को चिन्हित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। प्रशासन का यह कदम खरीफ फसलों की सिंचाई बचाने के लिए उठाया गया अहम निर्णय माना जा रहा है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
29 अगस्त 2025
SHOW TIME
परम सुंदरी
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
दंतेला (छ. ग.)
शो समय - 12:00,3:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा

**महासमुंद।** जिले के थाना सिंघोडा में 1 फरवरी 2024 को दर्ज पांच आरोपियों के विरूद्ध 9 किलो गांजा परिवहन के अपराध के लिए विशेष न्यायाधीश सराईपाली वंदना दीपक देवांगन के न्यायालय में 29 अगस्त 25 को आरोप सिद्ध पाते हुए आरोपियों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारवास और 50-50 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अर्थ दंड अदा न करने की स्थिति में एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतने का निर्णय सुनाया गया है। उक्त प्रकरण में 5 आरोपियों में से विचारण के दौरान 2 आरोपी फरार हो गए थे, जिनका मामला पृथक कर तीन आरोपी गोपाल प्रसाद चतुर्वेदी निवासी कोटा बिलासपुर, कामेश्वर प्रसाद टोडर निवासी कोटा बिलासपुर, अमरचंद शर्मा निवासी सकरी बिलासपुर के विरुद्ध दोष सिद्धि का दंडादेश पारित किया गया है। मामले के विवेचना सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण साहू द्वारा की गई थी। सभी स्वतंत्र साक्षी पक्षद्रोही हो गए थे, परंतु विवेचक एवं अन्य पुलिस साक्षियों के आधार पर अभियोजन ने अपराध साबित किया।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहा पुलिस ने पोटरपारा बागबाहरा में आरोपी बीरू नाग पिता जलंधर नाग (28 साल) वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9 लीटर देशी प्लेन शराब कीमत 4000 रुपए, 2 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त कर आरोपी के धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पुस्तक वाचन

**महासमुंद।** शासन के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शालाओं में रजत जयंती के लिए पुस्तक वाचन के लिए दिशा निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सुनसुनिया में पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। जहां ग्रामवासी, एसएमसी सदस्य एवं पालकों की उपस्थिति रही। पालकों द्वारा पुस्तक वाचन किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षिका रक्षा साहू, शिक्षिका कमलेश कौशिक, शिक्षिका कुंजलता गायकवाड एवं समस्त पालकगण व छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा।

### पंजीयन शुल्क से अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

**महासमुंद।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालक श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में श्रमिकों के पंजीयन व योजना आवेदन के लिए विभाग द्वारा अनुमोदित शुल्क से अधिक राशि वसूल किया जा रहा हैं। निर्धारित शुल्क के अनुसार श्रमिक पंजीयन के लिए 30 रुपए तथा योजना आवेदन के लिए 20 रुपए निर्धारित है। इसके बावजूद कुछ सीएससी संचालकों द्वारा पंजीयन/आवेदन योजना करने के लिए श्रमिकों से 1000 से 1500 रुपए तक लिया जा रहा है।

### सतनामी समाज के शिक्षा प्रकोष्ठ का विस्तार

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद द्वारा समाज के कर्मचारियों को जोड़कर अंशदान कर ब्लाक शिक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया जा चुका है, जिसका विस्तार करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरंक्षक में गणेश टंडन, ब्लाक अध्यक्ष फनेन्द्र बंजारे, उपाध्यक्ष अजय बंजारे, तेजराम कुर्रे, सचिव योगेश घृतलहरे, सहसचिव देवकुमार खुटे, प्रवक्ता कमल किशोर कुर्रे, मीडिया प्रभारी रवि जांगड़े, कार्यकारिणी सदस्य खोरबाहरा सोनवानी, डोंगर सिंह टंडन, मनहरण टंडन, रवि नारंग, एन कुमार रात्रे, किशोर शामिल है।

## गणेशोत्सव की धूम ...


बंगोली। बाल गणेशोत्सव धुरंधर पारा


बाल गणेशोत्सव नायक पारा।


बाल गणेशोत्सव स्कूल पारा।


बाल गणेशोत्सव गोवर्धन पारा।


बाल गणेशोत्सव भाटापारा।

### कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में व्यापक स्तर पर आवास चौपाल का आयोजन

# आवास चौपाल से तेजी से हो रहा ग्रामीण आवास निर्माण, हितग्राहियों को मिल रहा प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से हितग्राहियों को आवास निर्माण में तेजी लाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में कुल 41422 आवासों को स्वीकृति मिली है, जिनमें से 25710 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। शेष आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को समयबद्ध पूरा करने के लिए सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विशेष कदम उठाए जा रहे हैं।


आवास चौपाल में गुणवत्तायुक्त निर्माण के लिए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। हितग्राहियों को निर्माण सामग्री की आपूर्ति तथा अभिसरण के तहत मिलने वाले लाभों से अवगत कराया जाता है। इसके साथ ही, आवास निर्माण में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निर्माण के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। हितग्राहियों की समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान भी किया जा रहा है। अब तक बलौदाबाजार में 106, भाटापारा में 35, कसडोल में 60, पलारी में 33 एवं सिमगा में 34 ग्राम पंचायतों में आवास चौपाल सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। शेष ग्राम पंचायतों में भी आगामी एक सप्ताह के भीतर आयोजन की योजना है। 2024-25 में जिले में कुल 41422 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें से 25710 आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि बाकी के निर्माण कार्य सक्रिय रूप से जारी हैं। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय सुविधाओं में सुधार हो रहा है।




#### आवास चौपाल के मुख्य उद्देश्य

आवास चौपाल का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों को तकनीकी सहायता, समयबद्ध निर्माण के लिए प्रेरित करना और निर्माण के दौरान आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## गणेशोत्सव की धूम ...


बंगोली। आदर्श युवा गणेशोत्सव समिति भाटापारा।


बाल गणेशोत्सव बस स्टैण्ड पारा।


नवयुवक गणेशोत्सव ढीमर पारा


युवा गणेशोत्सव कुम्हार पारा


नवयुवक गणेशोत्सव बाजार चौक

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर छात्रों का सामूहिक वाचन उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग के 70 हाई स्कूल, 134 हायर सेकण्डरी, 466 पूर्व माध्यमिक शालाओं तथा 888 प्राथमिक शालाओं सहित अशासकीय शालाओं एवं विभागीय कार्यालयों में पुस्तक वाचन, स्पीड रीडिंग, दिवार प्रतियोगिता का विमोचन गतिविधि आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के 2 लाख 13 हजार 489 छात्र-छात्राओं ने पुस्तक वाचन किया। इसके साथ ही 6157 शिक्षक एवं 3713 जनप्रतिनिधियों ने भी वाचन किया।

■ 2 लाख से अधिक बच्चों ने पढ़ा पुस्तकें, जनप्रतिनिधि और शिक्षक भी हुए शामिल

विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली कार्यक्रमों के संचालन हेतु राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर द्वारा जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोडल, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी, संकुल स्तर पर संकुल प्रभारी को नोडल व संकुल शैक्षिक समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी, शाला स्तर पर संस्था प्रमुख को नोडल व संस्था के वरिष्ठ शिक्षक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है जिसके द्वारा कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

## किसानों के सुख-दुख का साथी हूं: सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा के कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने ग्राम ओटेबंद में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में कहा कि वे किसानों के सुख-दुख के सच्चे साथी हैं और जीवन पर्यंत किसानों के हितों के लिए काम करते रहेंगे। ग्रामीणों ने उनसे क्षेत्र में व्याप्त रंगमंच निर्माण, बिजली सप्लाई में अनियमितता, कृषि मंडी में धान की कम कीमत और नल जल योजना के गलत क्रियान्वयन जैसी समस्याएं साझा कीं। सुशील शर्मा ने इन मुद्दों के समाधान हेतु एकता और संघर्ष की अपील की।

सुशील शर्मा ने बताया कि भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में भाटापारा में लगभग 80 करोड़ रुपये की लागत से छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी और अत्याधुनिक कृषि उपज मंडी का निर्माण चल रहा है। इसके साथ ही अनेक गांवों में खाद भवन एवं किसान भवन का निर्माण भी अधूरा है, जिसे भाजपा सरकार ने रोक दिया है। उन्होंने गांव के रंगमंच निर्माण, बिजली ट्रांसफॉर्मर की समस्या तथा मंडी में उचित धान मूल्य सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की। भाजपा सरकार की नीतियों को कठोर आलोचना करते हुए उन्होंने किसानों से सड़क पर आवाज उठाने का आह्वान किया।



#### ग्राम ओटेबंद की प्रमुख समस्याएं

गांव में बिजली आपूर्ति में लगातार कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है। नल जल योजना के तहत सड़क के बीचों-बीच पाइप लाइन बिछाई गई है, जिससे सड़क खराब होने के साथ ही खुदाई के गड्ढे बिना मरम्मत छोड़े गए हैं, जो आवागमन में बाधक बन रहे हैं। किसानों ने रंगमंच निर्माण की मांग की है ताकि ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा मिले।

#### कृषि उपज मंडी में विकास कार्य और सरकारी पहल

भाटापारा कृषि उपज मंडी में लगभग 80 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नई मंडी राज्य की सबसे बड़ी और तकनीकी रूप से उन्नत मंडियों में से एक होगी। पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा के कार्यकाल में कई गांवों में खाद भवन और किसान भवन के निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली थी, परंतु वर्तमान भाजपा सरकार ने इन्हें रोक दिया है, जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है। मंडी में धान की उचित कीमत सुनिश्चित करना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है।

## 16 अवैध विकासकर्ता व 19 अवैध निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार** । छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 36/37 के तहत नगर तथा ग्राम निवेश विभाग ने अवैध प्लाटिंग और बिना विकास अनुज्ञा के निर्माण करने वाले कुल 35 लोगों को नोटिस जारी किया है। इसमें 16 अवैध विकासकर्ताओं और 19 अवैध निर्माणकर्ताओं को शामिल किया गया है। नोटिस में निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब मांगा गया है, ताकि नियमों के उल्लंघन को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि समय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नियमों के उल्लंघन को रोकने एवं अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए यह कदम उठाया है।

**अवैध विकासकर्ताओं की सूची :** कसडोल निवेश क्षेत्र से हर्षित, कल्याण स्वरूप, हरिश कुमार, लक्ष्मीचंद, सुभाष बंद, मुकेश कुमार मिश्रा, चंद्रभूषण, प्रणेश, अरूण, सिद्धार्थ, ऋत्विक, जया, कबीर खान, उकेश, ललित लवन, सुरेश कुमार और सिमगा क्षेत्र के अत्री शर्मा, तथा हथबंद क्षेत्र के रमेश कुमार लालवानी को अवैध प्लाटिंग के आरोप में नोटिस दिया गया है।

**अवैध निर्माणकर्ताओं की जानकारी:** कसडोल निवेश क्षेत्र के अवैध निर्माणकर्ताओं में बोलेश, राधेश्याम, अनन्या, बद्रीप्रसाद, वेदप्रकाश, अमरिका बाई, रामकुमार, सुशीला, किरण देवी, योगेश, नीता, अंजू साहू, रितिक, योगिता, संजय, रामेश्वर, सतनारायण, सुमन, सुरेन्द्र कुमार शामिल हैं। इन सभी को बिना अनुमति के किए गए निर्माण के लिए नोटिस जारी किया गया है।

### पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म पर दिया प्रेरक संदेश

# यदि जीवन में उन्नति करना चाहते हो तो झुकने की कला सीखो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व के दूसरे दिवस को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। आज का दिन उत्तम मार्दव धर्म को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा को नवीन गदिया द्वारा पाण्डुक शिला में विराजमान किया गया, जिसके उपरांत मंगल अभिषेक और शांति धारा का आयोजन हुआ। इसका सौभाग्य नवीन गदिया परिवार एवं अभिनव परिवार को प्राप्त हुआ।



धर्मसभा को संबोधित करते हुए अभिषेक मोदी ने कहा कि यदि जीवन में उन्नति करनी है, तो पहले झुकने की कला सीखनी होगी। उन्होंने बताया कि अभिमान व्यक्ति को भीतर से खोखला कर देता है और अंततः पतन का कारण बनता है। जिस प्रकार तेज़ आंधी में बेत घास झुककर स्वयं को बचा लेती है, वैसे ही जो व्यक्ति मृदुता और विनम्रता को अपनाता है, वह जीवन की हर चुनौती से सुरक्षित रहता है। इस अवसर पर नवीन, नितिन, सचिन, पंकज गदिया, प्रकाश, आलोक, विनोद, अभिषेक, अभिनव, अभिनंदन, अरिंजय, अविरल मोदी, सुमन लता, रजनी, नेहा, सुरभि मोदी, अभिलाषा जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

#### मृदुता ही है मार्दव धर्म का सार

अभिषेक मोदी ने धर्मसभा में कहा कि मार्दव धर्म का शाब्दिक अर्थ है — मृदुता या कोमलता का भाव। जिस प्रकार क्रोध, क्षमा धर्म का विरोधी है, वैसे ही अभिमान, मार्दव धर्म का। व्यक्ति जब झुकना सीखता है, तभी सच्चे अर्थों में वह आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनता है। अभिमानी व्यक्ति स्वयं को श्रेष्ठ समझने के भ्रम में दूसरों की कमियां खोजता है, जबकि विनम्र व्यक्ति सबको साथ लेकर चलता है।

#### धार्मिक वातावरण में गूंजे भक्ति गीत

कार्यक्रम के दौरान भक्ति से सराबोर वातावरण रहा। मंगल आरती में श्रद्धालुओं ने "इंद्र ने हर्ष कियो भारी..." जैसी भजनों की धुन पर नृत्य कर भगवान की आरती की। श्री जी की प्रतिमा को विधिपूर्वक बेदी पर विराजमान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विनोद मोदी द्वारा जिनवाणी स्तुति की गई, वहीं रात्रि काल में आचार्य श्री महाराज जी की मंगल आरती भी संपन्न हुई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411